वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 3 जनवरी 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

अभाविप ने एआईसीटीई अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन।

भारतीय भाषाओं में तकनीकी शिक्षा के अवसर हों उपलब्ध : अभाविप।

उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप हो तकनीकी शिक्षा : अभाविप।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम को तकनीकी शिक्षा से संबंधित विषयों पर ज्ञापन दिया। अभाविप ने एआईसीटीई अध्यक्ष के सामने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तकनीकी संस्थानों में पूर्ण क्रियान्वयन पर ध्यान केन्द्रित करने, उद्योगों की मांग के अनुरूप तकनीकी शिक्षा का स्वरूप करने तथा भारतीय भाषाओं में तकनीकी शिक्षा के अधिक अवसर उपलब्ध कराने जैसे विषयों को रखा है।

साथ ही अभाविप ने प्रमुखता से तकनीकी संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण तथा मानक अनुरूप शिक्षा सुनिश्चित करने, प्राध्यापकों की कमी दूर करने, योग्य प्राध्यापकों की नियुक्ति, समय से परीक्षा परिणाम घोषित करने, आधुनिक प्रयोगशाला आधारित शिक्षण पर गंभीरता से ध्यान देने तथा भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित इंटर्नशिप संबंधी व्यवस्था को सूचना आदि के स्तर पर और प्रभावी बनाने आदि विषयों को भी एआईसीटीई अध्यक्ष के समक्ष उठाया है।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि,"विभिन्न तकनीकी संस्थानों में आधारभूत ढांचे, योग्य अध्यापक तथा आधुनिक प्रयोगशालाओं आदि का अभाव है। भारत में तकनीकी संस्थानों को केवल डिग्री देने वाले संस्थान बनने से रोकना होगा तथा इन तकनीकी संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करनी होगी, इंडस्ट्री के मांग के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करने तथा कौशल विकास की दिशा में गंभीरता से प्रयास करने होंगे। अभाविप ने तकनीकी शिक्षा से जुड़े विषयों पर एआईसीटीई अध्यक्ष को अवगत कराया है। हम आशा करते हैं कि इन विषयों पर गंभीर प्रयास किए जाएंगे।"

एआईसीटीई अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम से मिले प्रतिनिधिमंडल में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार मीणा,साक्षी सिंह, बिराज विश्वास, हरिकृष्ण नागोथू तथा अंकिता पवार शामिल रहे।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)